वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम (पुराना)

प्रथम वर्ष

सत्रीय कार्य

2025–2026

जुलाई 2025 तथा जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68

सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2025 और जनवरी 2026)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

2. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**आई. बी. ओ. -05**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**अंतर्राष्ट्रीय विपणन लॉजिस्टिक्स**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**आई. बी. ओ. -05/ टी. एम. ए. / 2025 – 26**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. (क) वाणिज्यिक नौवहन की प्रमुख विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास में इसकी महत्ता को स्पष्ट कीजिए। **(10+10)**

(ख) लॉजिस्टिक्स प्रबंधन से संबंधित तीन महत्त्वपूर्ण अवधारणाएँ कौन-कौन सी हैं? उन्हें संक्षेप में समझाइए तथा बताइए कि इनमें से आप किसे और क्यों सबसे उत्तम दृष्टिकोण मानते हैं?

2. (क) इकॉनॉमिक ऑर्डर क्वांटिटी (Economic Order Quantity - EOQ) की अवधारणा को समझाइए तथा बताइए कि यह लागत अनुकूलन की एक तकनीक कैसे है। **(10+10)**

(ख) भारत में सार्वजनिक भंडारण (पब्लिक वेयरहाउसिंग) नेटवर्क का वर्णन कीजिए और वेयरहाउसिंग निगमों के व्यापक उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

3. **निम्नलिखित पर टिप्पणियां कीजिए :** **(4X5)**

(क) "लॉजिस्टिक्स प्रणाली ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में मदद करती है।"

(ख) "समय के साथ भारत के विदेशी व्यापार की मात्रा में वृद्धि के बावजूद, भारतीय नौवहन का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है।"

(ग) "भारत में शिपर-शिपओनर परामर्श व्यवस्था में सुधार की काफी गुंजाइश है।"

(घ) "जहाज मालिकों और चार्टरकर्ताओं के लिए धोखाधड़ी की घटनाओं से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि वे किसी भी बाध्यकारी अनुबंध में प्रवेश करने से पहले संबंधित पक्षों की स्थिति की आवश्यक जांच करें।"

4. **निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए :** **(4X5)**

(क) फ्लैट पैक कंटेनर और ओपन टॉप कंटेनर

(ख) सामान्य माल दरें (General Cargo Rates) और विशिष्ट माल दरें (Specific Cargo Rates)

(ग) चार्टर पार्टी और बिल ऑफ लैडिंग

(घ) वज़न टन और मापन टन

5. **निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए :** **(4X5)**

(क) मल्टी-मोडल परिवहन

(ख) शिपिंग में परामर्श के संबंध में ऑस्ट्रेलियाई कानून

(ग) वायु माल दर (Air Cargo Tariff)

(घ) संयुक्त उद्यम (Joint Ventures)